कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी ओबरा वन प्रभाग, ओबरा–सोनभद्र।
पत्रांक 4486 /ओबरा/15 भू0ह0 दिनांक– 15-06- 2018.

सेवा में,

संयुक्त अध्यक्ष,
में0 जय प्रकाश एसोसिएट्स लि0,
सेक्टर 28, नोएडा।

विषयः– में0 जय प्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड द्वारा ग्राम–कोटा में जे0पी0 सुपर सीमेन्ट प्लान्ट व आवासीय क्षेत्र स्थापना हेतु 115.874हे0 का वन भूमि हस्तान्तरण एवं 5713 वृक्षो के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– आपका पत्र संख्या–02.04.2018 तथा इस कार्यालय के पत्रांक–3644/ओबरा/15 भू0ह0 दिनांक–23.4.2018 तथा मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर का पत्रांक– 5061 /मी0क्षे0/33 दिनांक–30.04.2018.

महोदय,

अवगत कराना है कि विषयक प्रकरण का प्रस्ताव तैयार कर, इस कार्यालय के पत्रांक–3644/ओबरा/15 भू0ह0 दिनांक–23.4.2018 द्वारा चार प्रतियों में मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर को प्रेषित किया गया था। उक्त प्रस्ताव के परीक्षणोपरान्त प्रस्ताव में निम्न कमियों का उल्लेख करते हुए, आपत्ति का निराकरण हेतु, मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर ने अपने पत्र संख्या–5061 /मी0क्षे0/33 दिनांक–30.04.2018 द्वारा प्रस्ताव मूल में वापस किया गया था, जिसके क्रम में इस कार्यालय के पत्रांक–3815/ओबरा/15 भू0ह0 दिनांक–05.05.2018 द्वारा प्रस्ताव मूल में संलग्न कर आपत्ति का निराकरण करनें हेतु आपसे अनुरोध किया गया। आप द्वारा दिनांक रहित पत्र के माध्यम से आपत्तियों का निराकरण करते हुए पुनः प्रस्ताव इस कार्यालय में उपलब्ध कराया गया है, जिसमें क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध करायी गयी गैर वन भूमि से सम्बन्ध में संलग्न उद्धरण खतौनी तथा मानचित्र पर प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मीरजापुर का हस्ताक्षर नहीं है, जिससे कि प्रस्ताव उच्च स्तर पर प्रेषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

अतः आपको प्रस्ताव की 05 मूल प्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध करायी गयी गैर वन भूमि से सम्बन्ध में संलग्न उद्धरण खतौनी तथा मानचित्र पर प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मीरजापुर का हस्ताक्षर करते हुए प्रस्ताव तत्काल इस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चत करें, जिससे कि प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जा सके।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(मूल चन्द्र)
प्रभागीय वनाधिकारी
ओबरा वन प्रभाग, ओबरा–सोनभद्र।

संख्या 4486 अ/समदिनांकित।

प्रतिलिपि–प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्य जीव प्रभाग मीरजापुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(मूल चन्द्र)
प्रभागीय वनाधिकारी
ओबरा वन प्रभाग, ओबरा–सोनभद्र।

15/6/18

F:\New Folder\AM-3.Docx